# जल जीवन मिशन से मिली राहत: नरदही गांव में भीषण गर्मी के बीच हर घर पहुंचा नल का जल

शैलेंद्र कुमार | रामीपुर (हैदरगढ़), बाराबंकी
19 घंटे पहले



फीडबैक दें

होम वीडियो सर्च वेब स्टोरीज ई-पेपर

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
IPL 2026
चुनाव 2026
भास्कर खास
DB ओरिजिनल
स्पोर्ट्स
बॉलीवुड
जॉब - एजुकेशन
बिजनेस
लाइफस्टाइल
जीवन मंत्र
वुमन
देश
विदेश
राशिफल
टेक - ऑटो


दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔ +Follow us

बाराबंकी के त्रिवेदीगंज विकास खंड स्थित नरदही गांव में भीषण गर्मी के बीच 'जल जीवन मिशन' ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हुआ है। इस योजना के तहत गांव के हर घर में नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू हो गई है।

इससे अब महिलाओं को हैंडपंप और दूरदराज के कुओं पर पानी के लिए निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है। गांव में पेयजल संकट से बड़ी राहत मिली है।

जल जीवन मिशन के सहायक अभियंता पीयूष शुक्ला ने बताया कि नरदही गांव में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की जा रही है। गांव में ओवरहेड टैंक का निर्माण पूरा हो चुका है और पाइपलाइन बिछाकर सभी घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं।

पीयूष शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ अब धरातल पर दिख रहा है। नरदही में पहले गर्मी में पानी का संकट गहरा जाता था, लेकिन अब हर घर में टोटी से जल उपलब्ध है। पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच भी कराई जा रही है।




वीडियो और देखें

फीडबैक दें

स्थानीय ग्राम प्रधान तारा चंद्र वर्मा ने बताया कि पहले गांव की महिलाओं को एक-एक बाल्टी पानी के लिए घंटों नल और कुएं पर लाइन लगानी पड़ती थी। अब घर में ही नल से साफ पानी

ओपिनियन
मधुरिमा
मैगजीन
यूटिलिटी
लाइफ - साइंस
मध्य प्रदेश
उत्तरप्रदेश
राजस्थान
बिहार

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on

सहायक अभियंता पीयूष शुक्ला ने यह भी जानकारी दी कि त्रिवेदीगंज ब्लॉक में जल जीवन मिशन के तहत 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष गांवों में भी तेजी से काम चल रहा है।

अगले दो माह में पूरे ब्लॉक को 'हर घर जल' योजना से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भीषण गर्मी के कारण भूजल स्तर लगातार गिर रहा है, ऐसे में जल जीवन मिशन से नरदही गांव के लोगों को पेयजल संकट से बड़ी राहत मिली है।



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us

आज का राशिफल मेष

मेष | Aries

पॉजिटिव- दिन की शुरुआत में कुछ समस्याएं रहेंगी, लेकिन धैर्य के साथ अपनी कार्ययोजनाओं को अमल में लाएं। समय के अनुसार सभी काम बनते जाएंगे। साथ ही संतान के करियर और शिक्षा से जुड़ी किसी चिंता का समाधान हो...

और पढ़ें

फीडबैक दें

## खबरें और भी हैं...

**बाराबंकी सीट से विधायक धर्मराज यादव को जनता ने नकारा:** भाजपा से राकेश वर्मा, बसपा से नईम सिद्दीकी; जानिए कौन सी पार्टी मजबूत

